भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1576 का उत्तर

आरएसी टिकटों के लिए पूरा किराया

1576. श्री अबू ताहेर खान:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आरएसी टिकटों के लिए यात्रियों द्वारा पूरा किराया दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाएंगे?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

S.K

आरएसी टिकटों के लिए पूरे किराये के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को लोक सभा में श्री अबू ताहेर खान के अतारांकित प्रश्न सं. 1576 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): कन्फर्म बर्थ के रद्द होने और कन्फर्म सीट आवंटित यात्रियों के न आने के कारण रेलगाड़ी में उपलब्ध खाली बर्थ को ध्यान में रखते हुए रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) की अवधारणा शुरू की गई थी। आरएसी टिकटधारकों से पूरा किराया लिया जाता है, बहरहाल, जो आरएसी यात्री आरएसी टिकट पर यात्रा नहीं करना चाहते हैं, वे भी अपने टिकट रद्द कर सकते हैं और लागू नियमों के अनुसार धन वापसी ले सकते हैं।

भारतीय रेल पर चलने वाली सभी गाड़ियों की मांग के स्वरुप की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है। अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल द्वारा त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान स्पेशल ट्रेन सेवाएं भी चलाई जाती है और यात्रियों के विभिन्न वर्गों के लिए अतिरिक्त स्थान/सीटें प्रदान करने के लिए स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर रेलगाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जाते हैं। तदनुसार, वर्ष 2024 के दौरान होली और ग्रीष्मकालीन की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को पूरा करने के लिए स्पेशल ट्रेनों के 13523 फेरे संचालित किए गए थे। दुर्गा पूजा/दीपावली/छठ के दौरान होने वाली भीड़ को कम करने के लिए, लगभग 1.8 करोड़ यात्रियों की सेवा के लिए 1 अक्टूबर, 2024 से 30 नवंबर, 2024 की अवधि के दौरान स्पेशल ट्रेनों के 7983 फेरे भी सूचित किए गए हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, 872 सवारी डिब्बों का उपयोग स्थायी आधार पर गाड़ी सेवाओं के संवर्द्धन के लिए किया गया है जबकि वर्ष 2024-25 (अक्टूबर, 2024 तक) के दौरान 664 सवारी डिब्बों का उपयोग स्थायी वृद्धि के लिए किया गया है।

******

S.K